## फायर सेप्टी और हिट स्ट्रोक को लेकर बैठक आयोजित

# बिजली, पेयजल एवं चिकित्सा की समुचित व्यवस्था के निर्देश



**जननायक | बेगूं।** उपखंड अधिकारी अंकित सामरिया की अध्यक्षता में जिला कलक्टर से प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में फायर सेफ्टी एवं हीट स्ट्रोक को लेकर एक आवश्यक बैठक शुक्रवार को उपखण्ड कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक में अजमेर विद्युत वितरण निगम को ग्रीष्म ऋतु में हीट वेव को देखते हुए कम से कम विद्युत कटौती करने, समय-समय पर विद्युत लाइनों के दुरस्तीकरण व लूज वायरिंग को अन्दर 3 दिवस में सही करने, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता को नगर का सर्वे कर क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत करने, दैनिक पेयजल आपूर्ति के संबंध में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकतानुरूप पेयजल आपूर्ति के लिए मांग अनुसार पानी के टैंकर उपलब्ध करवाये जाने एवं समय-समय पर पानी की सेम्पलिंग करवाने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार चिकित्सा विभाग के सीएचसी पारसोली, काटुन्दा, चेची एवं एसडीएच बेगूं में फायर सेफ्टी, सफाई व्यवस्था एवं हीट वेव को देखते हुए दवाईयों का पर्याप्त स्टॉक रखने के लिए निर्देशित किया।

बैठक के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने विकास अधिकारी को अपने अधिनस्थ ग्राम विकास अधिकारी की एक बैठक आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्र में नालों की सफाई करवाने, नाले से जा रही पाइप लाइनों को चिन्हित कर क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की सहायक अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर मरम्मत हेतु निर्देशित किया। उन्होने बैठक के दौरान नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी को शहरी क्षेत्र में स्थित नालों की सफाई करवाने एवं सफाई के समय पाइप लाइन क्षतिग्रस्त न हो, का विशेष ध्यान रखने, सहायक अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए क्षतिग्रस्त पाइप लाइनो की मरम्मत करवाने तथा शहरी की सफाई व्यवस्था, आगजनी की घटना होने पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार उपखण्ड अधिकारी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा रोड सेफ्टी के संदर्भ में ब्लेक स्पॉट चिन्हित कर सूचना उपलब्ध करवाने तथा सम्पर्क पोर्टल के परिवादों का समय पर निस्तारण करने के लिए सभी को निर्देशित किया।

बैठक में तहसीलदार, विकास अधिकारी अधिशाषी अधिकारी, अजमेर विद्युत वितरण निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता एवं ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित हुए।

# ग्राम रथ अभियान से गांव-गांव दे रहे योजनाओं की जानकारी

## पात्र व्यक्तियों को मिल रहा योजनाओं का लाभ



**जननायक | चित्तौड़गढ़।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को योजनाओं के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से जिले में संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों एवं पंचायत समितियों में ग्राम पंचायत स्तर पर जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक ने बताया कि अभियान के अंतर्गत चित्तौड़गढ़, कपासन, बेगूं, निम्बाहेड़ा एवं बड़ीसादड़ी विधानसभा क्षेत्रों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्राम रथ पहुंचकर आमजन को राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान कला जत्था के कलाकारों ने स्थानीय भाषा एवं लोक शैली के माध्यम से योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को चित्तौड़गढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बावड़ीखेड़ा, भदेसर पंचायत समिति की बानसेन, आक्या एवं पोटला कलां, बेगूं क्षेत्र की भैंसरोडगढ़ पंचायत समिति के टोलु का लुहारिया, बस्सी एवं राजपुरा, निम्बाहेड़ा पंचायत समिति की बडोलीघाटा एवं बरड़ा तथा बड़ीसादड़ी क्षेत्र की धमोत्तर पंचायत समिति के ग्यासपुर, अनोपपुरा, चिकलाड एवं खूंटगढ़ ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ग्राम रथ के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के दौरान पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन की सक्रिय सहभागिता रही।

# पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. शेखावत को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित



**जननायक | चित्तौड़गढ़।** भाजपा नगर मंडल द्वारा पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरो सिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रतन लाल गाडरी ने कहा कि भैरोंसिंह शेखावत केवल एक नेता नहीं, बल्कि संगठन और जनसेवा की जीवंत पाठशाला थे। उन्होंने अपने संघर्ष, सादगी और कार्यशैली से राजनीति में नई मिसाल कायम की। उनका जीवन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है। नगर अध्यक्ष गौरव त्यागी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भैरोंसिंह शेखावत ने राजस्थान में भाजपा संगठन को मजबूत आधार प्रदान किया। आज भी उनका व्यक्तित्व और विचारधारा कार्यकर्ताओं को जनसेवा के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने स्व. शेखावत के बताए मार्ग पर चलकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आव्हान किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री रघु शर्मा, हर्षवर्धन सिंह रूद, जिला मंत्री गोवर्धन जाट, आईटी जिला संयोजक नन्दकिशोर लौहार, पूर्व न्यास अध्यक्ष सुरेश झंवर, पूर्व नगर अध्यक्ष नरेंद्र पोखरना, पूर्व नगर महामंत्री अनिल ईनाणी, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र झंवर, भोलाराम प्रजापत, भरत जागेटिया, अनंत समदानी, राजन माली, शुभम सुखवाल, तारावती धाकड़ सहित कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**जननायक | निम्बाहेड़ा।** देश के पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरोसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को स्थानीय शेखावत सर्कल पर स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि स्व. भैरोंसिंह शेखावत भारतीय राजनीति के ऐसे प्रेरणादायी व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपने संघर्ष, सादगी एवं जनसेवा के बल पर देशभर में विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि स्व. शेखावत ने सदैव समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को प्राथमिकता दी तथा अंत्योदय की भावना को राजनीति का आधार बनाकर गरीब, किसान, मजदूर एवं पिछड़े वर्ग के कल्याण हेतु अनेक जनहितकारी योजनाएं लागू कीं। उन्होंने कहा कि स्व. शेखावत का संपूर्ण जीवन सेवा, संवेदनशीलता एवं संगठन के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। उनका व्यक्तित्व आज भी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सलेक्शन लिटिल चैम्प चैस चैम्पियनशिप आज से

**जननायक | चित्तौड़गढ़।** जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सलेक्शन लिटिल चैम्प चैस चैम्पियनशिप अंडर 7 ओपन/बालक-बालिका एवं बालिका वर्ग की शतरंज सलेक्शन प्रतियोगिता 16 मई दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक और अण्डर 9 आयु वर्ग की 17 मई को प्रातः 10 से शाम 6 बजे तक स्थानीय चित्तौड़ चैसकिंग अकादमी अम्बेश्वरी में आयोजित होगी।

जिला शतरंज संघ के सचिव निलेश बल्दवा ने बताया कि जिला स्तरीय अंडर 7 ओपन बालक-बालिका एवं बालिका वर्ग की शतरंज सलेक्शन प्रतियोगिता मे 1 जनवरी 2019 या इसके बाद जन्म वाले इच्छुक खिलाड़ी अपना पंजीयन 15 मई सांय 6 बजे तक और अंडर 9 आयु वर्ग में 1 जनवरी 2017 या इसके बाद जन्म वाले इच्छुक खिलाड़ी अपना पंजीयन 16 मई सांय 6 बजे तक livechess.in पर दिए गये लिंक को ओपन करके अपना पंजीयन कर सकेंगे। इस प्रतियोगिता मे श्रेष्ठ चयनित 4-4 प्रतिभागी को झालावाड़ मे 25 से 27 मई तक आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

**राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, खण्ड-भीलवाडा (राज.)**

क्रमांक :- अधि.अभि./भील/वि.बो./2026-27/राजकाज 22230416 दिनांक :- 14/05/2026

**निविदा सूचना संख्या - 04/2026-27**

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड खण्ड भीलवाड़ा के अन्तर्गत जिला भीलवाडा/चितौडगढ/प्रतापगढ/बांसवाडा में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाईन बिड ई–प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb पर भी देखा जा सकता है।

(NIB CODE:- AGM2627A0056 & UBN NO:- AGM2627WSOB00428 To 00447)

राज.संवाद/सी/26/2853 अधिशाषी अभियंता

**Office of The Executive Engineer, Water Resources Navnera Project Dn. I Kota**

No.:- EE/WR/KOTA/NIT/2026-27/1731-58 DATE:- 11/5/26

**E-NIT No.- 02/2026-27**

Bid for 02 No. Civil work (1) Vigilance works (Watch and ward) of CE WRD Zone Kota and Navnera Div. 1st Kota office & Campus for year 2026-27, (Rs. 20.33 Lacs) & (2) Cleaning work at CE, WRD Zone office Kota and Navnera Div. 1st Kota office & Campus Year 2026-27(Rs. 7.67 Lacs) are invited for interested bidders from 11.05.2026 (9:30 Hr) to 20.05.2026 till 18:00 Hr. Other particulars, terms & conditions may be seen on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.nic.in and www.dipr.rajasthan.gov.in & www.water.rajasthan.gov.in.

UBN NO. WRD2627WSOB00075
UBN NO. WRD2627WSOB00076

DIPR/C/2026/8382

Executive Engineer, Water Resources Navnera Project Dn-I Kota

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चौमहला**

क्रमांकः - 75 दिनांक :- 11.05.2026

**निविदा सूचना संख्या 01/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सड़क/ भवन कार्यो के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी, सी, श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई- टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व httpÑ//eproc.rajasthan.gov.in एवं httpÑ//www.pwd.rajasthan.gov.in http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- (PWD2627WSOB02066)

अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि. खण्ड चौमहला

DIPR/C/2026/8415

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड खानपुर**

क्रमांक :- 167 दिनांक :- 14.05.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सड़क मरम्मत / निर्माण कार्यो के लिये, उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के 'एए', एवं 'ए', 'बी', सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सेसम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट "www.diproline.org", "www.eproc.rajasthan.gov.in" तथा "www.pwd.rajasthan.gov.in" पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

BN No.(1) PWD2627WSOB02344
UBN No.(2) PWD2627WSOB02345
UBN No.(3) PWD2627WSOB02346

DIPR/C/2026/8603

अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि. खण्ड खानपुर

# सहकारिता के माध्यम से ही स्थानीय विकास को मिलेगी गतिः शर्मा

## अरबन बैंक ने मनाई सिल्वर जुबली



**जननायक | चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. की स्थानीय शाखा के 25 वर्ष पूर्ण करने पर शाखा परिसर में स्थापना दिवस उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। इस अवसर पर समस्त ग्राहकों का सम्मान करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय शर्मा ने सदस्यों एवं ग्राहकों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि सहकारिता के माध्यम से ही स्थानीय विकास को गति मिल सकती है। बैंक की व्यावसायिक प्रगति, कार्यकुशलता एवं प्रबन्धन पर संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में निरन्तर जारी रहेगी। इस मौके पर बैंक की प्रबन्ध निदेशक डॉ. वन्दना वजीरानी ने कहा कि बैंक के अध्यक्ष डॉ. आईएम सेठिया एवं संचालन मण्डल के निर्देशन में बैंक द्वारा व्यावसायिक चुनौती को स्वीकार करते हुए बैंक निरन्तर विकास पथ पर अग्रसर है। वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का समय है। इस प्रतिस्पर्धा के समय में ग्राहकों को संतुष्ट करते हुए आगे की ओर अग्रसर होना है। उन्होंने कहा कि समस्त तकनीकी युक्त सुविधाएं बैंक सदस्यों, ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही है। महाप्रबन्धक दिनेश खण्डेलवाल ने कहा कि सभी ग्राहक इस शाखा को आदर्श शाखा के रूप में विकसित करने में सहयोग प्रदान करे एवं ग्राहकों को किसी भी तरह की परेशानी या असुविधा होने पर बैंक प्रबन्धन से सीधे सम्पर्क कर सकते है।

कार्यक्रम में उप रजिस्ट्रार संजय शर्मा, प्रबन्ध निदेशक डॉ. वन्दना वजीरानी सहित निदेशक मण्डल सदस्यों द्वारा विगत 25 वर्षो से कार्यरत प्रबन्धक अजय सिंह राठौड का उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। उन्होने बताया कि आमसभा एवं रजत जयन्ती महोत्सव 23 मई 2026 को इन्दिरा प्रियदर्शिनी ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। समारोह में बैंक के कई ग्राहक, स्टॉफ ऋण प्रबन्धक यशवन्त सिंह बाफना, अनिरूद्ध मालू, राकेश दशोरा, तरूण छाजेड़ अंकित श्रीवास्तव, अभिषेक टेलर, संजय कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार महाप्रबन्धक (प्रशासन) जेपी जोशी द्वारा व्यक्त किया।

**ईनाणी मार्बल्स एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड**

CIN : L14101RJ1994PLC008930

पंजीकृत कार्यालयः आराजी नं. 1312, उदयपुर–भीलवाड़ा हाइवे, माताजी की पाण्डोली के पास, चित्तौड़गढ़ (राज.) 312001

E-mail: inanimarble@gmail.com Tel No. 01472-240111

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली 2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 29 मई, 2026 शुक्रवार को 3.00 p.m कंपनी के पंजीकृत कार्यालय आराजी न. 1312, उदयपुर–भीलवाड़ा हाइवे, माताजी की पाण्डोली के पास, चित्तौड़गढ़ (राज.) 312001 में 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही एवं वार्षिक के अंकेक्षित वितीय परिणामो एवं वितीय वर्ष 2025.26 के लिए लाभांश की अनुशंसा, यदि कोई हो तो पर विचार एवं अनुमोदन हेतु आयोजित की जाएगी।
निवेशक कंपनी की वेब–साईट www.inanimarbles.com एवं www.bseindia.com पर मंडल की बैठक का विवरण देख सकते है।

मंडल के आदेशानुसार
बास्तेः ईनाणी मार्बल्स एण्ड इण्ड़स्ट्रीज लिमिटेड
Sd/-
मधु बाला शर्मा
(कम्पनी सचिव)

स्थान– चित्तौड़गढ़
दिनांक 15.05.2026

**कार्यालय नगरपालिका बेगूँ जिला–चित्तौड़गढ़ (राज)**

क्रमांकः–नापाबे/भूमि/2026–27/141 दिनांक :– 12.05.2026

(प्रारूप 10)

–: लोक सूचना :–

इस कार्यालय मे नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदारो/स्वामियो द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात

| क्र. सं. | नाम आवेदन व खातेदार | तहसील व जिले का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षैत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री शिवलाल शर्मा पिता सोहन लाल शर्मा निवासी– बामनहेडा बेगूँ जिला चितौडगढ | तह. बेगूँ जिला चित्तौडगढ | काटुन्दा | 2027 / 1461 रकबा 0.01673 हैक्टयर | 1800.00 वर्गफीट आवासीय से व्यवसायिक |
| 02. | श्री अशोक कुमार शर्मा पिता नन्दकिशोर शर्मा निवासी – धनोरा , बेगूँ | तह. बेगूँ जिला चित्तौडगढ | बेगूँ | 2194 / 620 रकबा 0.01699 हैक्टयर | आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90- क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर– भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय भीतर–भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ............ ....... को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी
(अधिशाषी अधिकारी)

राज.संवाद/सी/26/2946

# शनिश्चरी अमावस्या के दुर्लभ संयोग में मनायी जाएगी शनि जयंती

## 13 वर्षों बाद बन रहा बुधादित्य योग

**जननायक | चित्तौड़गढ़।** प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को शनि जयंती का पर्व मनाया जाता है जो कि इस बार शनिवार 16 मई को मनाया जायेगा। मान्यता है कि है कि इस तिथि को छाया पुत्र न्याय के देवता शनिदेव का जन्म हुआ था, अतः इस दिवस को शनि जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसके साथ ही इस दिन वट सावित्री व्रत पूजा का विधान भी माना गया है।

जानकारी के अनुसार मुख्यतः शनि देव को न्याय, कर्म और भाग्य की ऊर्जा का देवता माना जाता है। शनिदेव को प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए शनि जयंती पर व्रत करने का विधान है, जिससे एक व्यक्ति को शनि की महादशा, साढ़ेसाती और ढैय्या या अन्य शनिकृत दोषों से मुक्ति मिलकर शनि की शुभता में बढ़ोत्तरी होती है। वैदिक पंचाग के आधार पर ज्योतिर्विद डॉ. संजय गील ने बताया कि इस वर्ष शनि जयंती पर अनेक शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। 13 वर्षों बाद शनि जयंती के दिन शनिवार भी पड़ रहा है, वही शनि जयंती के दिन शनि मीन राशि में विराजमान होने से विविध प्रभाव देखने को मिलेंगे। इसके साथ ही वृषभ राशि में बुध-सूर्य की युति से बुधादित्य योग बनेगा। इसके साथ ही शनिवार को दुर्लभ केदार योगए सौभाग्य योग और शोभन योग का निर्माण हो रहा है। ऐसे में ये शनि जयंती मेष, वृषभ, मिथुन, मकर, कर्क, तुला, कुंभ राशि के जातकों के लिए अतिशुभ, जबकि वृश्चिक, धनु और मीन राशि के लिए मिश्रित प्रदान करने वाली रहेगी।

### शनि जयंती शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के आधार पर ज्योतिर्विद डॉ. संजय गील ने बताया कि ज्येष्ठ मास की अमावस्या शनिवार 16 मई को प्रातः 05 बजकर 11 मिनट से प्रारंभ होकर रविवार 17 मई को रात्रि 1 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगी। इस प्रकार शनि जयंती का महापर्व भरणी और कृत्तिका नक्षत्र में 16 मई को ही मनाया जाएगा।

### ऐसे करे शनिदेव को प्रसन्न

मान्यता है कि सूर्य पुत्र शनिदेव कर्म के फलदाता होकर कलयुग में न्यायाधीश के समान लोगो को कर्मो के आधार पर फल प्रदान करते है। तदापि मान्यताओं के आधार पर शनि जयंती पर शनि की महादशा, साढ़ेसाती और ढैय्या या अन्य शनिकृत दोषों से ग्रस्त व्यक्ति अगर विशेष उपाय करें तो उसे शनिदेव की विशेष कृपा प्राप्त होने लगती है। मुख्यतः शनि जयंती पर शनि मंत्र ओम नीलांजन समाभास्। रविपुत्रम यमाग्रजम्। छाया मार्तण्डसंभूतम। तम् नमामि शनैश्चरम्।। अथवा शं शं शनैश्चराय नमः का 108 बार जाप करने, व्रत और पूजा, असहायों की सहायता, काले घोड़े की पूजा, जमीन पर लेटकर शनि पूजन एवं नीलम रत्न के दान या धारण से शनि की विशेष कृपा पायी जा सकती है। शनि देव का विशेष अनुष्ठान कर अपराजिता फूल, काले तिल, साबूत उड़द या दाल की खिचड़ी का भोग लगाएं तो धन संपदा में बढ़ोत्तरी के लिए ये लाभदायक होता है। इसके साथ ही इस शनि के दुष्प्रभाव से बचने के लिए शनि जयंती पर शमी के पेड़ की पूजा का विधान भी है।

**कार्यालय नगर परिषद, चित्तौड़गढ़**
**जिला – चित्तौड़गढ़**

क्रमांक : श.से.शि./भूमि 69 ए /2026–27/1531–33 दिनांक :– 08.05.2026

**उजरदारी सूचना 17**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न सारणी अनुसार आवेदक द्वारा नगर परिषद चित्तौडगढ में राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69–ए के तहत पट्टा प्राप्त किये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया किया है। उपरोक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की उजर/आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में अपनी आपत्ति नगर परिषद कोर्यालय में कार्यालय समय एवं कार्यदिवस में मय साक्ष्य/दस्तावेज उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा नियत समयावधी पश्चात कोई आपत्ती स्वीकार नहीं की जायेगी एवं तद्नुसार आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी करने की कार्यवाही निष्पादित की जायेगी।

| क्र0 स0 | नाम आवेदक | आवेदित स्थल | क्षैत्रफल वर्गफिट में |
|---|---|---|---|
| 1. | केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो चित्तौडगढ | इन्दिरा गांधी स्टेडियम के पास चित्तौडगढ–भीलवाडा मेन रोड, चित्तौडगढ | 1,31,272 |
| 2. | श्रीमती रेणु गगरानी पत्नी श्री मनोहर गगरानी निवासी चित्तौडगढ | भूखण्ड संख्या 29–ए हडमाला संेती, चित्तौडगढ | 2145 |
| 3. | ललीता कुमारी मीणा पिता स्व. श्री शंकर लाल मीणा एवं श्रीमती उषा मीणा पत्नी श्री भरत सिंह मीणा निवासी चित्तौडगढ | चामटी खेडा, चित्तौडगढ | 7225 |
| 4. | ललीता कुमारी मीणा पिता स्व. श्री शंकर लाल मीणा एवं देव सिंह मीणा पिता श्री भरत सिंह मीणा निवासी चित्तौडगढ | चामटी खेडा, चित्तौडगढ | 6400 |
| 5. | ललीता कुमारी मीणा पिता स्व. श्री शंकर लाल मीणा एवं देव सिंह मीणा पिता श्री भरत सिंह मीणा निवासी चित्तौडगढ | चामटी खेडा, चित्तौडगढ | 2400 |
| 6. | ललीता कुमारी मीणा पिता स्व. श्री शंकर लाल मीणा एवं देव सिंह मीणा पिता श्री भरत सिंह मीणा निवासी चित्तौडगढ | चामटी खेडा, चित्तौडगढ | 2400 |
| 7. | श्रीमती पुष्पा देवी सुखवाल पत्नी श्री लोकेन्द्र कुमार सुखवाल निवासी चित्तौडगढ | गुंदी पाडा, चित्तौडगढ | 1445.95 |
| 8. | श्री जय प्रकाश खटवानी एवं मुकेश खटवानी पिता श्री नथरमल खटवानी निवासी चित्तौडगढ | भूखण्ड संख्या 6 का भाग प्रतापनगर मीठाराम जी का खेडा चित्तौडगढ | 1280 |
| 9. | श्री राजकुमार लखारा पिता श्री बंशीलाल लखारा निवासी चित्तौडगढ | रेगर मोहल्ला, प्रतापनगर चित्तौडगढ | 1269 |

राज.संवाद/सी/26/2933 आयुक्त

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल बेगूँ जिला चित्तौडगढ़ (राज)**

क्रमांकः– नपाबे/आपत्ति/2026–27/145 दिनांकः– 12.05.2026

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदकों ने आबादी क्षेत्र में निम्न कॉलोनियों के भवन निर्माण स्वीकृति , 69ए, बाप्पी पट्टा, नामान्तरण, निर्माण स्वीकृति, एकीकरण, नियमन हेतु ऑनलाईन/ऑफलाईन आवेदन प्रस्तुत किए है जिनमें नियमानुसार कार्यवाही की जानी है अतः भवन निर्माण स्वीकृति, 69ए, बाप्पी पट्टा नामान्तरण, निर्माण स्वीकृति , एकीकरण, नियमन हेतु ऑनलाईन/ऑफलाईन दिये जाने हेतु यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | वर्ष | आवेदक पिता/पति का नाम व पता | भूखण्ड के आस – पडोस | | | | भूखण्ड का स्थान | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पुर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | | |
| 1 | 2026–27 | श्री सतीश कुमार चौधरी पिता रोशनलाल चौधरी निवासी– बेगूँ | आम रास्ता व सुनिता शिशोदिया की भूमि | जैन मन्दिर | सुनिता शिशोदिया की भूमि व विशाल बिल्लू की भूमि | आम रास्ता | बेगू–काटुन्दा रोड बेगूँ खांसा का खेडा भूखण्ड का क्षे. 1530.00 वर्गफिट | एकीकरण |
| 2 | 2026–27 | श्रीमती सुनिता शिशोदिया राकेश कुमार शिशोदिया निवासी– बेगूँ | आम रास्ता | सतीश कुमार चौधरी की भूमि | रामलाल धाकड व विशाल बिल्लू की भूमि | सतीश कुमार चौधरी की भूमि | बेगू–काटुन्दा रोड बेगूँ खांसा का खेडा भूखण्ड का क्षे. 810.00 वर्गफिट | एकीकरण |
| 3 | 2026–27 | श्री गोपाल लाल पिता हजारी लाल नायक निवासी – रेण की कुई के पास बेगूँ | आम रोड बेगू–काटुन्दा | जमनीबाई नायक का भूखण्ड | गिरधारी लाल राजपुत का मकान | आनन्दी लाल मेवाडा का मकान | बेगू–काटुन्दा रोड बेगूँ गंगापुर भूखण्ड का क्षे. 1362.83 वर्गफिट | 69 ए पट्टा |
| 4 | 2026–27 | श्री राधेश्याम तेली पिता कन्हैयालाल तेली निवासी– बेगूँ | बेगू–डोराई रोड | आम रास्ता | आम रास्ता | सुरेश तेली का प्लॉट | बेगू–डोराई रोड पर भूखण्ड का क्षै. 2861.00 वर्गफिट | 69 ए पट्टा |
| 5 | 2026–27 | श्री मदन गोपाल पिता प्यार चन्द्र धाकड़ निवासी – चेची बेगूँ | गणपति नगर का भूखण्ड | आम रास्ता | मानक जी का भूखण्ड | खाली भूखण्ड | हाई. स्कुल जाने वाले मार्ग पर बेगूँ भूखण्ड का क्षे. 2400.00 वर्गफिट | नामान्तरण |
| 6 | 2026–27 | श्री राकेश धाकड़ पिता भवानी लाल धाकड़ निवासी – चैंन सिंह जी का राजपुरा बेगूँ | भूखण्ड सं. 16 का शेष भाग | भूखण्ड सं. 15 का शेष भाग | आम रास्ता | 30 फिट चौडा रास्ता | बाकें बिहारी कॉलोनी 2 बेगूँ में भूखण्ड सं. 15 व 16 मेसे का क्षे. 672.00 वर्गफिट | नामान्तरण |

राज.संवाद/सी/26/2947 अधिशाषी अधिकारी

months, as investors evaluated tariff actions by the Trump ministration. the 30-share BSE ndex declined 644.64 or 0.80%, settling at 6,810.97. During the ession, it tumbled 1,131.31 points or .41%, to 79,324.30. The NSE Nifty hed 203.75 points or .84% to 24,947.90. From the Sensex ack, Tata Motors, ata Steel, HCL ech, Larsen & oubro, Adani rts, Eternal, Maruti d Trent were the ajor laggards. dusInd Bank was top gainer.

eed art of rategy.

# Inani Marbles & Industries Limited

CIN : L14101RJ1994PLC008930

Regd. Office: ARAJI No. 1312, Udaipur-Bhilwara Highway, Near Mataji Ki Pandoli, Chittorgarh (Raj.) 312001, E-mail: inanimarble@gmail.com

## NOTICE

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation 2015, notice is hereby given that Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Friday, 29th May, 2026 at 3.00 p.m. at Registered Office ARAJI No.1312, Udaipur-Bhilwara Highway, Near Mataji Ki Pandoli Chittorgarh (Raj.) 312001 to inter-alia, consider, approve and take on record the Audited Financial Results of the Company for the quarter and year ended on 31st March, 2026 and Declaration of dividend if any for the financial year 2025-26.

The notice is also available on the Company's website at www.inanimarbles.com and on the website of the Stock Exchange at www.bseindia.com

For: Inani Marbles & Industries Ltd.
Sd/-
Madhu Bala Sharma
(Company Secretary )

Place: Chittorgarh
Date : 15.05.2026


EXTRACT OF STANDALONE AUDITED FINANCIAL R
FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31.03.2

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | |
|---|---|---|---|
| | | 31.03.2025 (Audited) | 31.12.2024 (Unaudited) |
| 1 | Total Income from Operations | 148.48 | 164.63 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 14.17 | 15.34 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 14.17 | 15.34 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 10.94 | 11.08 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period | 10.94 | 11.08 |
| 6 | Equity Share Capital | 174.64 | 174.64 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | - | - |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) (a) Basic (b) Diluted | 0.63 0.63 | 0.64 0.64 |

Notes :

1 The above is an extract of the detailed format of Financial Results fo the quarter and year ended 31st March, 2025 filed with the Stoc Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations an the Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of th Financial Results for the quarter and year ended 31st March, 202 are available on the Company's website (www.intronltd.com).

2 The above is an extract of the detailed format of Financial Resul filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listi and other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full fo the Financial Results are available on the websites of the Comp (www.indiaccements.co.in) and BSE Limited (www.bseindia.com)